उत्तर प्रदेश शासन
धर्मार्थ कार्य विभाग
संख्या– 974 / 57–2013–3(36) / 2011
लखनऊः दिनांकः 24 अक्टूबर, 2013

विज्ञप्ति / प्रकीर्ण

विषयः– श्री कैलाश मानसरोवर की तीर्थ यात्रा से होकर लौटने वाले उ0 प्र0 राज्य के मूल निवासियों को राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के संबंध में।

उपर्युक्त विषयक धर्मार्थ कार्य विभाग की विज्ञप्ति / प्रकीर्ण संख्या–94 / 57–2013–3(36) / 2011, दिनांकः 19 फरवरी, 2013 द्वारा विभिन्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले उ0 प्र0 राज्य के 50 यात्रियों की सीमा तक मूल निवासियों को यात्रा समाप्ति के पश्चात प्रति यात्री रू0 25 हजार का अनुदान स्वीकृत किये जाने के आदेश निर्गत किये गये थें।

2– उक्त विज्ञप्ति / प्रकीर्ण दिनांकः 19–02–2013 में उल्लिखित शर्तो / प्रतिबन्धों के ही अधीन, सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय श्री कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले उ0 प्र0 राज्य के मूल निवासियों को यात्रा समाप्ति के पश्चात् रू0 25 हजार के स्थान पर रू0 50 हजार प्रति यात्री की आर्थिक सहायता तत्काल प्रभाव से प्रदान किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3– उपरोक्तानुसार, विज्ञप्ति / प्रकीर्ण दिनांकः 19–02–2013 इस सीमा तक संशोधित समझा जाएगा।

4– उक्त पर आने वाला व्यय आय व्ययक के अनुदान संख्या–84 के लेखा शीर्षक–2250–अन्य सामाजिक सेवायें–101–धर्मार्थ प्रयोजनों के लिए दान–04–कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को अनुदान–220–सहायक अनुदान सामान्य (गैरवेतन) के मद से वहन किया जाएगा।

5– यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 संख्या– ई–5–1806 / दस–2013 दिनांकः 23 अक्टूबर, 2013 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

नवनीत सहगल
प्रमुख सचिव

संख्या– 974 (1) / 57–2013–3(36) / 2011 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उ0 प्र0 शासन।
2– प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग, उ0 प्र0 शासन।

क्रमशः पृष्ठ संख्या–2

3– निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0 प्र0 इलाहाबाद को इस आशय के साथ कि सरकारी गजट के साधारण अंक में तत्काल प्रकाशित कराते हुए विज्ञप्ति/प्रकीर्ण की 500 प्रतियाँ शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

4– महानिदेशक, पर्यटन उ0 प्र0 लखनऊ।

5– महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, इलाहाबाद, उ0 प्र0।

6– समस्त मण्डलायुक्त/जिला अधिकारी, उ0 प्र0।

7– वरिष्ठ कोषाधिकारी, लखनऊ।

8– समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी उ0 प्र0।

9– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–5, उ0 प्र0 शासन।

10– निजी सचिव, मा0 मंत्री, धर्मार्थ कार्य, उ0 प्र0।

11– निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन।

12– सामान्य प्रशासन अनुभाग।

13– विभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(नवनीत सहगल)
प्रमुख सचिव